सड़क बनाने में गिट्टी की जगह क्रेशर की धूल का उपयोग

ग्रामीण बोले- आजादी के बाद पहली बार गांव में बन रही सड़क, उसी में ठेकेदार कर रहा गड़बड़

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आजादी के वर्षो बाद गांव में सड़क बनाई जा रहीं है, लेकिन उसे बनाने में भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, साथ ही निर्माण के लिए घटिया मटेरियल मिलाया जा हरा है। जिससे यह सड़क बनने के बाद ही जल्द खराब हो जायेगी। जिससे गांव की सड़क की समस्या जस की तहस बनी रहेगी, यह बाते मुंगावली तहसील की ग्राम पंचायत बरबाह के ग्राम माधौपुर के ग्रामीणों द्वारा कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के दौरान कहीं गई। दरअसल गुरूवार को ग्राम माधौपुर के दर्जनभर से अधिक ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी गांव की सड़क की समस्या की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बरबाह के ग्राम माधौपुर में ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क डाली जा रही हैं,। जिसमें सही तरह से काम नहीं किया जा रहा है, न ही सही तरीके से मटेरियल उपयोग किया जा रहा है। वहीं जो पुलिया बनाई जा रहीं है, उसमें भी वह भी सही तरह से नही बनाई जा रही है। वहीं ग्रामीणों द्वारा ठीक से काम करने की बोला जाता है, तो सबंधित व्यक्ति द्वारा गलत व्यवहार करने के साथ ही धमकी दी जाती है।

गिट्टी की जगह डाली जा रही मिट्टी, चौड़ाई भी कम

माधौपुर के ग्रामीणों ने बताया कि रोड बनने के लिए मटेरियल सही नही डाल रहे हैं और न हीं रोड की कुटाई की जा रही है। इसके अलावा गिट्टी की जगह बरीक क्रेशर वाली धूल डाल रहे है, जिससे की सीमेट का उपयोग बहुत कम मात्रा में करना पड़े। इसके अलावा रोड की पूरी चौडाई भी नही ले रहे है। ग्रामीणों का कहना था कि पिछड़ा इलाका होने की बजह से आजादी के बाद पहली सड़क डाली जा रहीं है, लेकिन सबंधित ठेकेदार द्वारा सिर्फ खाना पूर्ति की जा रहीं है।

पुलिया निर्माण में लगाई जा रही घटिया सामग्री

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान जो पुलिया बनाई जा रहीं है, उसे बनाने के लिए घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कभी भी वह भरभरा गिर सकती है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से की मांग कि वह स्वयं उक्त सड़क का मौका मुआवना करे और उन्हें आजादी के बाद सड़क के रूप में मिली सौगात का सहीं निर्माण कराए, जिससे की उनकी समस्या का हल सके।

इनका कहना है।

ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री की शिकायत है, तो उसे दिखवा लिया जाएगा, और कल मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा। यदि गलत कार्यो हो रहा है, तो उसे रिजक्ट कर फिर निर्माण कराया जाएगा।

लक्ष्मण प्रजापति, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग अशोकनगर।

RTO ने की चालानी कार्रवाई

नियमों का पालन न करने पर बनाए चालान

विभाग ने समझौता शुल्क के रूप में वसूले 15 हजार

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने पर चालानी कार्रवाई की गई, यह कार्रवाई चंदेरी स्थित ललितपुर रोड़ की गई। जहां करीब दर्जनभर से अधिक वाहनों को चैकिंग की गई और उनमें से 8 वाहनों के चलान बनाते हुए उनसे करीब 15 हजार रूपये का समन शुल्क बसूल किया गया। इसके अतिरिक्त एक मालयान जब्त कर उसे चंदेरी थाने में रखवाया गया है।

जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह ने बताया कि विगत दिवस जिले की तहसील चंदेरी में ललितपुर रोड़ पर पर वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें यात्री वाहन/माल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों से नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 8 वाहनों से 15500 रूपये की राशि बसूल की गई। साथ ही एक मालयान जप्त कर थाना चंदेरी में रखा गया है। वहीं उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक कुल 338000 रूपये का राजस्व बसूला गया। इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है। चैकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरूद्व नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी जिले मे चैकिंग निरतंर जारी रहेगी।

एक नजर में

शंकर कॉलोनी के रहवासियों को जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

नवभारत अशोकनगर। शहर की शंकर कॉलोनी के निवासियों को आखिरकर जल-भराव की अपनी वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिल गई है। कॉलोनी के निर्माण के बाद से ही यहां के प्लॉटों में पानी भरा रहता था, जिससे न केवल गंदगी और मच्छर पनपते थे, बल्कि क्षेत्र में बीमारियों के जन्म का भी कारण बनता था। पानी की निकासी के लिए कोई स्थायी व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही थी। जब से कॉलोनी का निर्माण हुआ है, तब से ही यहां पानी भरा रहता था। आज नाले का निर्माण होते देख वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली है। नाला निर्माण कार्य शुरू, अध्यक्ष ने पार्षद प्रतिनिधि के साथ किया निरीक्षण नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से ही, परिषद ने इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए इसके स्थायी समाधान का बीड़ा उठाया था। परिषद के प्रयासों के फलस्वरूप, आज कॉलोनी में नाला निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इसके उपरांत सी.सी सड़क का भी निर्माण किया जायगा। इस नाले के निर्माण से रुके हुए पानी की उचित निकासी हो पाएगी, जिससे जल-भराव की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने पार्षद प्रतिनिधि संजीव जाटव के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचकर मौका-निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और इसे पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने की सख्त हिदायत दी।

20 लाख की लूट के मामले में आईजी ने की पड़ताल

बैंक सहित घटना स्थल का किया निरीक्षण, एसडीओपी के नेतृत्व में बनाई गई टीम

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के तहत ग्राम नगऊखेड़ी के पास बुधवार दोपहर हुई 20 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। गुरुवार सुबह ग्वालियर आईजी अरविंद कुमार सक्सेना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद वे वह आईसीआईसीआई बैंक भी पहुंचे, जहां से व्यापारी ने राशि निकाली थी। इस दौरान आईजी श्री सक्सेना ने दावा किया है कि पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले है, जिनसे जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं इस मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम गठित की गई है, जिसमें आधा दर्जन थाना प्रभारियों को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय हैकि बुधवार दोपहर शाढौरा के गल्ला व्यापारी नीरज साहू अशोकनगर स्थित बैंक से 20 लाख रुपए निकालकर अपनी स्कूटी से शाढ़ौरा लौट रहे थे। इसी बीच ग्राम नगऊखेड़ी के पास एक बाइक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मारी। तभी दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश बदमाश वहां पहुंच गए। उन्होंने कट्टे की नोक पर व्यापारी से मारपीट करते हुए स्कूटी की डिग्गी में रखे 20 लाख रुपए लूटकर भाग गए।

बैंक में की पूछताछ, सीसीटीव्ही खंगाले:

घटना के बाद जहां पुलिस द्वारा लगातार संघन पड़ताल जारी है, तो वहीं आईजी श्री सक्सेना ने बैंक प्रबंधन से बातचीत की और सीसीटीवी फुटेज सहित सभी तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केस की जांच के लिए कुल छह टीमें बनाई गई हैं। इनमें से दो टीमें तकनीकी जांच पर काम कर रही हैं, जबकि चार टीमें अलग-अलग पॉइंट पर सुराग तलाश रही हैं।

एसडीओपी के नेतृत्व में बनाई टीम:

लूट के बाद जहां आईजी श्री सक्सेना ने स्वयं घटना स्थल मौका मुआवना किया, तो वहीं आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो सके और लूट का खुलासा हो सके। इसके लिए पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा द्वारा एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिलेभर के करीब आधा दर्जन थाना प्रभारियों का शामिल किया गया है। एसपी द्वारा बनाई गई टीम में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, शाढ़ौरा थाना प्रभरी, कोतवाली, महिला थाना, कचनार, देहात और नईसराय सहित विशेष शाखा: साइबर सेल को शामिल किया गया है।

लूट के बाद व्यापारियों ने की राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने की मांग

अशोकनगर। गुना अशोकनगर मार्ग पर शाढ़ौरा के व्यापारी से की गई लूट के बाद व्यापारियों में असंतोष है, तो वहीं उनमें भय व्याप्त हो गया है। तो वहीं व्यापारियों का लूट की मूल बजह नगर में राष्ट्रीयकृत बैंक की कमी को बताते हुए शहर में और नई राष्ट्रीयकृत बैंक खोले जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। गुरूवार को सौंपे ज्ञापन में ग्रेन मर्चेन्ट एसोसियेशन ने बताया कि क्षेत्र में लेनदेन करने में बैंक की कमी की बजह से काफी परेशानी उठानी पड़ती है, तो वहीं नगदी लेने के लिए जिलामुख्याल स्थित बैंक तक आना जाना करना पड़ता है। उन्होंने शाढ़ौरा नगर में और राष्ट्रीयकृत बैंक खोले जाने की मांग की।

ट्यूबवेल बना विवाद का कारण, रहवासी ने आवेदन देकर की हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आजाद मोहल्ला में लगा एक ट्यूबवैल विवाद का कारण बन गया है, जिसके चलते मोहल्ले के रहवासी द्वारा उसे हटाये जाने की मांग नगरपालिका से की है।

नगरपालिका सीएमओ के नाम दिये ज्ञापन में आवेदक जाबिद खान द्वारा बताया गया कि नगरपालिका के ट्युवेल से पानी निकलने व व्यर्थ होने के कारण से उसने नगरपालिका में जाकर व्यक्तिगत रूप से बोला था, जिससे नाराज होकर शहवाज खान (गोलू), आजम खान (छोटू) पुत्र मुबारिक खान इस बात से नाराज होकर उससे झगड़ा तकिया। वहीं इस लड़ाई में उसका बहनोई भी साथ में आया है हाता पाई करने लगा। जाबिद खाने नगरपालिका सीएमओ से मांग की है कि वार्ड न. 10 में लगे ट्युवेल को या तो व्यवस्थित किया जाए, या फिर उसे हटाया जाए, जिससे की विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

अपहरण व बलात्कार के आरोपी को 22 वर्ष का कारावास

16 वर्षीय नाबालिग का किया था अपहरण

आरोपी ने जमानत की शर्तों का किया था उल्लंघन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। 16 वर्षीय नबालिक बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 22 वर्ष का कारावास एवं सात हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दरअसल आरोपी को यह सजा न्यायालय द्वारा अलग-अलग धारायों में दी गई है। उल्लेखनीय है कि 5 दिवस पूर्व उक्त अपराध में जमानत पर रिहा आरोपी द्वारा पुन: अपराध कारित करने पर थाना नईसरांय द्वारा जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही कर पुन: जेल भेजा गया था

दरअसल 1 जून 2024 को ग्राम ज्ञानपुर गुरैया निवासी द्वारा थाना नईसराय पर आकर अपनी 16 वर्षीय लडकी के घर से गायब होने की रिपोर्ट दर्ज करा गई थी। जिस पर पुलिस थाने में अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान नईसराय पुलिस ने अपर्हता को दस्तयाब कर आरोपी सुनील पुत्र सुखलाल प्रजापति निवासी ग्राम ज्ञानपुर गुरैया को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध धारा 366,376(2) (एन) भादवि, 5/6 पास्को एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट में न्यायालय में पेश किया गया। तो वहीं आरोपी को विचारण की अवधि में उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के द्वारा सशर्त जमानत पर रिहा किया गया। लेकिन आरोपी सुनील प्रजापति के द्वारा न्यायालय के शर्तों का उल्लंघन करते हुऐ फिर से अपराध घटित किया गया। जिस पर पुलिस ने फिर से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जहां विशेष अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर आरोपी सुनील प्रजापति की जमानत निरस्त हेतु निवेदन किया। वहीं न्यायालय द्वारा थाना प्रभारी नईसरायं का आवेदन स्वीकृत कर आरोपी सुनील प्रजापति का जमानत निरस्त करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जिसके पालन में थाना नईसरांय पुलिस के द्वारा आरोपी सुनील प्रजापति को 28 नबंवर को गिरफ्तार कर जिला जेल अशोकनगर दाखिल किया गया। तो वहीं बुधवार को विशेष अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा अलग-अलग धारायों में कुल 22 बर्ष 4 माह के सश्रम कारावास एवं 7000 रुपये के अर्थदंड से किया दंडित किया गया। इस कार्रवाई में नईसराय पुलिस की अधीक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

पंचायत सचिव संगठन ने की कलेक्टर से भेंट, दीं शुभकामनाएं

एसआईआर में प्रथम आने पर दी बधाई

पंचायत सचिवों की समस्याओं से कराया अवगत

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। एसआइआर कार्य में जिले को प्रदेश में अव्वल आने पर पंचायत सचिव संगठन द्वारा गुरूवार को कलेक्टर आदित्य सिंह स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान पंचायत सचिव संगठन एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां उन्होंने कलेक्टर श्री सिंह से मुलाकात कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर कार्य में पूरे प्रदेश में सर्व प्रथम जिले के आने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वहीं कलेक्टर श्री सिंह ने भी सभी पंचयात सचिव एवं अधिकारी/कर्मचारी जो इस कार्य में लगे थे उनकी प्रशंसा करते हुए जिले से तहसील स्तर के अधिकारी,बीएलओ, सचिव, सहायक सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि का शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्य हो पाया है। सभी ने एक टीम भावना से कार्य किया, जिसके चलते जिला एसआईआर कार्य के डिजीटाईलेशन में प्रथम रहा। वहीं उन्होंने कहा कि हमको ऐसे ही आगे भी हर योजना में टीम के रूप में मिलकर कार्य करना होगा, जिससे की योजना का क्रियान्वयन सफल तरीके से हो सके। वहीं प्रतिनिधि मंडल द्वारा पंचायत सचिवों की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर जगदीश अवस्थी, हरिशंकर शर्मा, हितेंद्र रघुवंशी, धनपाल यादव, जगभान यादव आदि मौजूद रहे।

उपलब्धि

पांच दिवसीय चंदेरी महोत्सव में आयोजित हुआ था फैशन शो

टेंट सिटी में आयोजित फैशन शो में स्थानीय मॉडल्स ने बिखेरे जलवे, लूटी वाहवाही

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। चंदेरी टेंट सिटी में आयोजित पांच दिवसीय चंदेरी महोत्सव में फैशन शो में चंदेरी फेब्रिक थीम को लेकर एक जिला एक प्रोडक्ट लोकल फार वोकल को प्राथमिकता देते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से आयोजित चंदेरी महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के फैशन शो में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मॉडल्स के साथ स्थानीय मॉडल्स जो कि स्वयं बुनकर हैं रेंप पर वाक कर खूब वाहवाही बटोरी। फैशन शो में स्थानीय माडल्स बुनकर मनोहर लाल कोली की पुत्र वधू विजय कोली की पत्नी नीतू कोली और उनके छोटे पुत्र अजय कोली की पत्नी भारती कोली ने जब चंदेरी साड़ी पहन कर रेंप वाक किया तो दर्शक वाह-वाह करते नजर आए।

विदित हो कि यह घूंघट में रहने वाली बहुएं स्वयं बेशकीमती चंदेरी साड़ी हेंडलूम पर बुनती है इनका समस्त परिवार बुनकर हैं। जिसके मुखिया मनोहर लाल कोली ने बताया कि हमारी बहुएं घूंघट में ही घर में रहती हैं और जब उन्होंने कहा तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि घूंघट की आड़ में रहने वाली यह घरेलू बहुएं ऐसा कर पायेंगी पर जब उन्हें कलेक्टर आदित्य सिंह और प्रशासनिक अधिकारी के साथ-साथ चंदेरी महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तो हमने भी हां कर दी। वहीं फेशन शो में इतने बड़े-बड़े माडल्स के साथ बहुओं का रेंप वाक इतने बड़े राष्ट्रीय स्तर पर देखा तो आश्चर्य हुआ। इस फेशन शो के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं स्थानीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने इन लोकल माडल को खूब सराहा।

दिलाया जाएगा राष्ट्रीय स्तर का प्लेटफार्म

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इन स्थानीय माडल्स जो स्वयं बुनकर हैं गुदड़ी के लाल साबित होंगे। इन माडल्स को राष्ट्रीय स्तर पर बड़े प्लेटफार्म पर लाने के लिए मेरा सकारात्मक प्रयास होगा कि इन गुदड़ी के लालो को राष्ट्रीय स्तर पर प्लेटफार्म दिया जाएं। उन्होंने नीतू कोली भारती कोली के उज्जवल भविष्य के शुभकामनाएं दी। शहर के लोगों ने इन अद्भुत प्रतिभाओं के लिए शुभकामनाएं दी। फैशन शो चंदेरी टेंट सिटी में आयोजित किया गया था और इस शो में बहुत सारे स्थानीय दर्शक एवं बाहर से आए हुए दर्शकों ने भी फैशन शो का लुत्फ उठाया।

पटवारी से मारपीट करने वाले पर पुलिस अधीक्षक ने किया इनाम घोषित

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मुंगावली में एसआईआर कार्य में लगे पटवारी से मारपीट करने के मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी भानूप्रताप यादव पर ईनाम घोषित किया गया है।

जानकारी के अनुसार 24 नबंवार को थाना मुंगावली अंतर्गत पदस्थ हल्का पटवारी ईश्वरचंद पुत्र नरेश जाटव निवासी सबलगढ़ द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ग्राम टीला में एसआईआर का शासकीय कार्य संपादित कर रहा था। तभी अचानक ग्राम टीला निवासी भानूप्रताप पुत्र अमोलसिंह यादव मौके पर आया और फरियादी को जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करते हुए उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। वहीं फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना मुंगावली में अपराध पंजीवद्ध किया गया। वहीं वहीं विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी भानूप्रताप यादव एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना बहादुरपुर में मारपीट से संबंधित चार अपराध पूर्व में पंजीबद्ध हैं। घटना के बाद से आरोपी फरार है एवं गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा है। जिसके चलते आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने पर 1000 रूपये की इनामी राशि की उद्घोषणा की गई है।